# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**दिनांक : 16.08.2024** **समय : 1905**

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पिछले छः महीनों के दौरान द्वीपों के लगभग तेरह हजार लाभार्थियों को छः करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है।
- एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि द्वीपों में ई–गवर्नेंस को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।
- बिजली विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि द्वीपों मे काफी चुनौतियों के बावजूद उनका विभाग बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।
- अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षित द्वीप योजना की शुरूआत की गई है।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियो को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पिछले छः महीनों के दौरान द्वीपों के लगभग तेरह हजार लाभार्थियों को छः करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है। ठोस कचरा प्रबंधन, स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत भी कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेताजी स्टेडियम में द्वीपवासियों को संबोधित करते हुए उप–राज्यपाल ने कहा कि कैम्पबेल बे और डिगलीपुर जैसे सुदूर क्षेत्रों में एकीकृत चिकित्सा स्टेशन की स्थापना और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उप–ज़िला अस्पताल में विस्तार द्वीपों में जीवन को सुगम्य बनाने में सहयोग करेगा। एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि द्वीपों में ई–गवर्नेंस को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जहाज़रानी क्षेत्र में भी कई उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं, जो भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाएगा।

<><><><><><><>

बिजली विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि द्वीपों मे काफी चुनौतियों के बावजूद उनका विभाग बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। मांग और आपूर्ति के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि बिना बाधा के लोगों को बिजली मिले, इस दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि उनका विभाग नवीकरणीय ऊर्जा की ओर अग्रसर हो रहा है। डॉ. प्रशांत कुमार से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे कल शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षित द्वीप योजना की शुरूआत की गई है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इस योजना की शुरूआत की। इस योजना का उद्देश्य साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियो को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर की सब–जूनियर चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय स्कूल खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले को तीस हजार रूपये, रजत पदक वाले को पच्चीस हजार रूपये और कांस्य पदक विजेता को बीस हजार रूपये की राशि दी जाएगी। एशियन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को चार लाख, रजत को तीन लाख और कांस्य पदक विजेता को दो लाख रूपये की राशि दी जाएगी। एशियन गेम्स या राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता के लिए पांच लाख, रजत के लिए चार लाख और कांस्य पदक के लिए तीन लाख रूपये निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय खेलों के व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले को तीन लाख, रजत के लिए दो लाख और कांस्य पदक विजेता को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार मिलेगा। राष्ट्रीय महिला खेल उत्सव और वरिष्ठ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पहले स्थान पाने वाले को पचास हजार, दूसरे स्थान के लिए पैंतीस हजार और तीसरे स्थान के लिए पच्चीस हजार रूपये निर्धारित की गई है। अप्रैल दो हजार बाईस से मार्च दो हजार तेईस और अप्रैल दो हजार तेईस से मार्च दो हजार चौबीस के बीच आयोजित मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के पदक विजेता ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र कार्य दिवसों में खेल और युवा कार्य निदेशालय से प्राप्त कर दस्तावेजों के साथ इसे पन्द्रह सितम्बर तक नेताजी स्टेडियम कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

फीनिक्स बे पावर हाउस में एस आर जी सी पांच मेगावाट संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। इस कारण आज से पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के क्षेत्रों में बारी–बारी से पैंतालीस मिनट अवधि की लोड शेडिंग की जाएगी। इस संबंध में सारणी जारी की गई है।

<><><><><><><>

तमिल साप्ताहिक समाचार पत्रिका अंडमान मुरूसु ने हाल ही में अपना पचपनवां वर्षगांठ मनाया। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित कार्यक्रम का स्मॉल न्यूज पेपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बी. चन्द्रचूड़न ने उद्घाटन किया। पत्रिका के मुख्य संपादक करिइकल वल्लवन ने द्वीपों में उनकी पत्रिका की यात्रा की जानकारी दी।

<><><><><><><>

मुख्य भूमि के विभिन्न संस्थानों में BDS, BAMS, BHMS और MBBS मलयाली मूल तथा BAMS मलयाली मूल पाठ्यक्रम के लिए द्वीपों के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित और नीट यू जी दो हजार चौबीस की संशोधित परिणाम के बाद उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों के आधार पर संशोधित अस्थाई सूची कल सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी। दावे और आपत्तियां बीस अगस्त की शाम पांच बजे तक उप–सचिव, उच्च शिक्षा के पास जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>